# NAV BHARAT JAGRITI KENDRA Newsletter

NBJK

CELEBRATING 50 YEARS

# नव भारत जागृति केन्द्र सूचनापत्र

January - March 2021 www.nbjk.org जनवरी - मार्च 2021


## NBJK Facilitates Women Empowerment

NBJK considers girls & women as a priority target group under its different programs. With an integrated approach of development, the organization has tried to empower them with programs upon education, health, livelihood, social awareness and other supports. In the field of education, NBJK run schools in Chauparan block of Hazaribag district (Jharkhand) like Amoli Apurva Primary School-Prajapat Nagar, Amoli Apurva Middle School-Bahera, Amoli Apurva High School-Mangarh, Chandrakala Devi Daga High School-Kewalia and Surekha Prakashbhai Public School-Bahera have enrolled total 1359 girls. Likewise there are 289 girl students cumulatively in Birsa Public School-Deokuli and Roshni Dhruva High School-Churchu of Ichak & Churchu blocks of the district. At Silaunja village in Bodhgaya block of Gaya district (Bihar), Komal Pujan Public School has 127 and Lord Buddha Home for Children (an orphanage) looks after 22 girl children. Also NBJK run 40 Remedial Coaching Centers in Hazaribag district have 1788 girl students of class VIII, IX & X and they get free tuition of Maths, Science and English. In slum areas of Patna, there are 10 NFE Centers with 185 girl children. Additionally it ensures sponsorship of school education for 300 girls from Hazaribag, Ranchi, Dumka, Chatra & Gaya districts. Last year, NBJK offered pre-schooling/schooling support to 4700 plus girl children and 778 appeared in class X board examination with 83% result.



For menstrual health management among tribal adolescent girls & women, it provided relevant training to 5321 women from SHGs and school girls from 29 villages in Murhu block of Khunti district. Under the program for Carers of physically/mentally challenged or old aged people, NBJK has organized 898 women carers in 85 SHGs in 6 blocks of Hazaribag district with around Rs. 16 lakh collective saving and supported 330 carers for their livelihood activities or linked them with govt. schemes. In slum pockets of Patna, 545 girls have received vocational training in 6 months courses of tailoring, basic computer applications & beautician. About 40%-50% of the trainees are placed or self-employed with monthly income of Rs. 5,000-10,000. At Rozgar Training Centers in 11 districts, the organization has trained more than 23000 youths within the period of 4 years and enabled 7000 plus girls/women to be employed or self-employed. It provided tailoring training & sewing machines to 435 rural women across Jharkhand-Bihar and they run training-cum-sewing centers. In Murhu block of Khunti district, NBJK has promoted a Farmer Producer Organization namely Murhu Nari Shakti Kisan Producer Company Ltd. and enhanced income of tribal women farmers there. With program of Poverty Reduction through SHGs, It linked 6477 women with credit facility for income generation activities in 4 districts. Similarly promotion of women social workers have been ensured with capacity building support & fellowship to 5 women headed VOs in Jharkhand-Bihar. NBJK works with women on campaign against liquor through Lok Samiti, settled 87 cases of family dispute at Family Counseling Center, prevented 73 cases of child marriage and rescued 76 children trapped under vulnerable situation under its other programs.

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में विनम्र प्रयास

एनबीजेके अपने विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को बतौर एक प्राथमिक लक्ष्य समूह सम्मान देता है. विकास की एक समावेशी अवधारणा के साथ संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, सामाजिक जागरुकता एवं अन्य सहायक कार्यक्रमों के तहत उनमें सशक्त बनने की अभिलाषा जगायी है. हजारीबाग जिला (झारखंड) के चौपारण प्रखंड में एनबीजेके संचालित अमोली अपूर्वा प्राथमिक विद्यालय–प्रजापत नगर, अमोली अपूर्वा मध्य विद्यालय–बहेरा, अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय–मानगढ़, चन्द्रकला देवी डागा उच्च विद्यालय–केवलिया और सुरेखा प्रकाशभाई पब्लिक स्कूल–बहेरा में कुल 1359 बच्चियों को स्कूली शिक्षा मिल रही है. इसी प्रकार इचाक प्रखंड के देवकुली गांव में बिरसा पब्लिक स्कूल और चुरचू प्रखंड मुख्यालय स्थित रौशनी ध्रुव उच्च विद्यालय में 289 बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं. गया जिला (बिहार) के बोधगया प्रखंड में सिलौंजा गांव अंतर्गत कोमल पूजन पब्लिक स्कूल में 127 बच्चियां पढ़ती हैं और वहां अवस्थित "लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन" अनाथालय में 22 लड़कियों को आश्रय मिला है. इन अनाथ बच्चियों को भोजन–वस्त्र–आवास के अतिरिक्त अंग्रेजी माध्यम स्कूली शिक्षा, कंप्यूटर, संगीत, योग आदि जैसे जीवन कौशलों से भी अवगत कराया जाता है. हजारीबाग जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में एनबीजेके की ओर से 40 रीमिडियल कोचिंग केंद्रों का संचालन किया जाता है, जिनमें कक्षा 8, 9 और 10 की 1788 छात्राओं को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी का निःशुल्क ट्यूशन उपलब्ध कराया जाता है. पटना शहर की मलिन बस्तियों में संचालित 10 अनौपचारिक शिक्षण केन्द्रों में 185 बच्चियां हैं और गरीब परिवार की ग्रामीण बालिकाओं के लिए चल रहे स्कूली शिक्षा स्पांसरशिप कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग, रांची, दुमका, चतरा और गया जिलों में 300 छात्राओं को लाभ मिल रहा है. गत वर्ष एनबीजेके ने झारखंड–बिहार के 10 जिलों में 4700 से ज्यादा बालिकाओं को पूर्व–स्कूली/स्कूली शिक्षा का अवसर प्रदान किया, जिनमें 778 ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दिया और उत्तीर्णता दर 83% थी.

खूंटी जिला के मुरहू प्रखंड में महिलाओं–किशोरियों के मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु इसने 29 गांवों में स्वमदद समूहों और स्कूलों की 5321 महिलाओं–छात्राओं को आवश्यक प्रशिक्षण दिया. शारीरिक–मानसिक रूप से बाधित लोगों और वृद्ध व्यक्तियों के देखभालकर्ताओं से संबंधित कार्यक्रम अंतर्गत संस्था ने हजारीबाग जिला के 6 प्रखंडों में 898 महिला देखभालकर्ताओं को 85 स्वमदद समूहों में संगठित किया है, जिनकी सामूहिक बचत लगभग 16 लाख रु० है और कार्यक्रम की ओर से 330 देखभालकर्ता महिलाओं को आय सृजक गतिविधियों में सहयोग के साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है. पटना की मलिन बस्तियों में 545 युवतियों को टेलरिंग, बेसिक कंप्यूटर ऐप्लिकेशंस और ब्यूटिशियन के व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया और उनमें लगभग 40%–50% नियोजित अथवा स्वरोजगारी के रूप में 5,000–10,000 रु० की मासिक आय अर्जित कर रही हैं. 11 जिलों में चलाए गये 13 रोजगार प्रशिक्षण केंद्रों के जरिये एनबीजेके ने गत चार वर्षों के अंदर 23 हजार से अधिक युवाओं को 12 विधाओं में कौशल विकास प्रशिक्षण से लैस किया और उनमें करीब 7 हजार युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त है. इसके अलावा झारखंड–बिहार के 39 जिलों में 435 ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग–सिलाई मशीन मरम्मत का प्रशिक्षण देने के बाद नयी सिलाई मशीन उपलब्ध करायी गयी और वे अपने घर पर सिलाई–सह–प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर आय अर्जित कर रही हैं. मुरहू प्रखंड में ही संस्था की ओर से महिला कृषक उत्पादक संगठन मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कंपनी लि० को प्रोत्साहित किया गया और इसकी वजह से आदिवासी महिलाओं की आय वृद्धि हुई है. स्वमदद समूहों के माध्यम से निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 4 जिलों में 6,477 महिलाओं को माइक्रो क्रेडिट सुविधा हासिल है और वे सभी स्वरोजगारी हैं. इसी प्रकार महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने की नीति पर चलते हुए एनबीजेके ने गत वर्ष ऐसी 5 स्वयंसेवी संस्थाओं को क्षमतावर्धन और फेलोशिप सहयोग दिया है, जिनकी प्रमुख महिलाएं हैं. गैरराजनीतिक जनसंगठन लोक समिति के माध्यम से एनबीजेके शराब विरोधी अभियान में महिलाओं के साथ काम करता है और संस्था संचालित परिवार परामर्श केंद्र द्वारा गत वर्ष पारिवारिक विवादों के 87 मामलों का समाधान निकाला गया. इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों के मार्फत बाल विवाह की 73 घटनाओं को रोका गया और विपरीत परिस्थितियों में फंसे 76 बालक–बालिकाओं को मदद मिली.

## Maiden Anniversary of LNJP Eye Hospital, Kajha

18 January 2021, Kajha (Wazirganj), Gaya: NBJK celebrated first anniversary of LNJP Eye Hospital initiated with support of Wen Giving Foundation & Mission for Vision. Dr. Nand Lal Prasad (In-charge, Community Health Centre, Wazirganj) was chief guest on the occasion who assured to cooperate for quality Cataract surgery of people in this area. Mr. Gandharv Gaurav (Prog. Director, NBJK) has briefed about this well equipped and modern eye hospital with 40 beds functioning under guidelines of the Govt. and provides free of cost or subsidized treatment to poor people. Within last one year, the hospital has conducted 10298 OPD and 3151 cataract surgeries successfully, out of which 2520 surgeries were free of cost, he said. Mr. Girija Satish (President, NBJK) thanked the hospital team for their hard work and conveyed his best wishes. Dr. Ashutosh Anand, Dr. Suman Kumar (Ophthalmologists), Mr. Sukanto Mete (Manager, LNJPEH Kajha) and other staffs were present in the function. Before this on 7th Jan at Patratu in Ramgarh district in Jharkhand, Cataract eradication campaign was launched by LNJPEH-Bahera under CSR of BHEL in presence of its senior officials. In the screening camp, total 175 persons turned up for check up, 45 identified with cataract and referred to the hospital for surgery. LNJPEH has set a target of 2000 cataract surgeries and 100 eye screening camps across Patratu block within a year.




## एलएनजेपी आँख अस्पताल, काझा की पहली वर्षगाँठ

काझा (वजीरगंज), गया, 18 जनवरी 2021: एनबीजेके ने वेन गिविंग फाउंडेशन और मिशन फॉर विजन के सहयोग से शुरू किये गये लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल की पहली वर्षगाँठ का आयोजन किया. समारोह के मुख्य अतिथि डॉ० नंदलाल प्रसाद (प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वजीरगंज) थे, जिन्होंने इस क्षेत्र के लोगों हेतु मोतियाबिंद की स्तरीय सर्जरी में सहयोग करने का आश्वासन दिया. श्री गंधर्व गौरव (कार्य. निदेशक, एनबीजेके) ने विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित 40 बेड के इस आधुनिक आँख अस्पताल के विषय में कहा कि यह सरकार के निर्देशानुसार काम करते हुए गरीब लोगों हेतु निःशुल्क अथवा रियायती दर पर इलाज की सुविधा देता है और पिछले एक वर्ष में अस्पताल की ओर से 10298 ओपीडी के साथ 3151 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए, जिनमें 2520 ऑपरेशन निःशुल्क थे. श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष,एनबीजेके) ने अस्पताल टीम को उसके कठिन परिश्रम हेतु धन्यवाद और शुभकामनाएं दिया. कार्यक्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० आशुतोष आनंद, डॉ० सुमन कुमार के साथ श्री सुकांतो मेटे (अस्पताल प्रबंधक) एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे. इसके पूर्व 7 जनवरी को झारखंड में रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में भेल की सीएसआर के तहत एलएनजेपी आँख अस्पताल–बहेरा की ओर से मोतियाबिंद उन्मूलन अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें भेल के वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल रहे. मौके पर आयोजित नेत्र जांच शिविर में कुल 175 व्यक्तियों का परीक्षण हुआ, जिनमें मोतियाबिंद से पीड़ित 45 लोगों की सर्जरी अस्पताल में हुई. एलएनजेपी आँख अस्पताल–बहेरा द्वारा पतरातू प्रखंड में अगले एक वर्ष के दौरान 100 नेत्र जांच शिविरों का आयोजन और 2000 मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है.

## NBJK Celebrates Republic Day

Hazaribag-Bahera-Ranchi-Khunti-Dumka-Bodhgaya-Patna, 26 January 2021: NBJK has celebrated 72nd Republic Day of the nation at its coordination office, head office and branch offices. At CO, Mr. Girija Satish (President-NBJK & National Lok Samiti) unfurled the tricolor and dedicated the day to the farmers of India. In his speech Mr. Girija Satish referred students' movement, Anna movement and now farmers' movement as the landmarks of a democratic India after independence. He said about bad effects of new agriculture laws upon farmers as they may lose their land and will be laborers. He warned about hoarding of farm produces by big traders and demanded for legal provision of MSP to farmers. Mr. Girija Satish regretted that the farmers don't get even cost price. Mr. Satish Girija (Secretary-NBJK & President-Jharkhand State Lok Samiti) supported farmers' movement and expected for positive response from the government. He greeted all workers as the organization is completing its 50 years successfully, assured to amplify people's voice through Lok Samiti and demanded to ban liquor. Mr. Prabhu Nath Sharma (Treasurer-NBJK) has termed Republic Day as a resolution day to remember the determination of our freedom fighters. Also Mr. Gandharv Gaurav and Mr. Anand Abhinav (both Program Directors) have expressed their views on the occasion. At HO & branch offices, concerned In-Charges have hoisted the national flag in presence of staffs.



## एनबीजेके में गणतंत्र दिवस आयोजित

हजारीबाग–बहेरा–रांची–खूंटी–दुमका–बोधगया–पटना, 26 जनवरी 2021: एनबीजेके संयोजन कार्यालय, मुख्य कार्यालय व शाखा कार्यालयों में राष्ट्र के 72वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ. श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके–राष्ट्रीय लोक समिति) ने संयोजन कार्यालय में राष्ट्रीय झंडा लहराने के बाद इस दिवस विशेष को देश के किसानों के नाम समर्पित किया. नये कृषि कानूनों से किसानों के ऊपर पड़ने वाले कुप्रभावों की चर्चा करते हुए उन्होंने आशंका प्रकट किया कि इनसे किसानों की जमीन जा सकती है और वो मजदूर बन जाएंगे. उन्होंने बड़े व्यापारियों द्वारा कृषि उत्पादों की जमाखोरी संबंधी चेतावनी देते हुए अपनी फसल का लागत मूल्य भी नहीं पाने वाले किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य संबंधी कानूनी गारंटी की मांग किया और कहा कि सरकार कोई भगवान नहीं जिससे गलतियाँ नहीं होतीं अथवा जिन्हें सुधारा नहीं जा सकता. श्री सतीश गिरिजा (सचिव–एनबीजेके सह अध्यक्ष–झारखंड प्रदेश लोक समिति) ने किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद जतायी. उन्होंने संस्था के सफल 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लोक समिति के माध्यम से आम लोगों की आवाज बनने का भरोसा जताया और पूरे देश में एक मजबूत शराबबंदी कानून लागू करने की मांग किया. श्री प्रभुनाथ शर्मा (कोषाध्यक्ष–एनबीजेके) ने आज के दिन को संकल्प दिवस की संज्ञा देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के दृढ़ निश्चय को याद किया. श्री गंधर्व गौरव और श्री आनंद अभिनव (कार्यक्रम निदेशकगण) ने भी इस अवसर पर अपने विचारों को रखा.

## Lok Samiti Demands Liquor Prohibition in Jharkhand

30 Jan-15 March 2021, Hazaribag-Giridih-Koderma-Bokaro-Ranchi: With support of NBJK & Jamnalal Bajaj Foundation-Mumbai, Jharkhand State Lok Samiti has initiated an advocacy campaign against liquor & all intoxicants. This started on the occasion of Mahatma Gandhi's death anniversary from Hazaribag dist. LS called a prayer meeting-cum-fast program. Mr. Girija Satish (President, National LS) said that Gandhiji was totally against liquor and at all times he wished for liquor prohibition in India. This spoils young generation as well as blocks progress; he pointed out. Mr. Gautam Sagar Rana (Ex-MLA), Mr. Swarup Chand Jain (Ex-PP), Mrs. Roshni Tirkey (Mayor, HMC) and many social workers have participated in the meeting. Likewise district units of Lok Samiti have organized conventions on "Freedom from Intoxicants" at Giridih (13 Feb), Koderma (18 Feb), Bokaro (20 Feb) and Ranchi (15 March). In these events, Mr. Girija Satish explained why India needs to be free from all kinds of intoxicants and appreciated Bihar Govt. as liquor is legally banned in the state. He said that any alert society/government must keep its citizens safe from liquor/intoxicants. He demanded a strong anti-liquor lawin Jharkhand for moral, social & economic development. The liquor takers may be rich, may be leaders or actors but they couldn't be our ideal; he declared and invoked people to support the campaign. The office bearers of LS units, women leaders from SHGs/PRIs and about 1200 people have contributed to the campaign.




## लोक समिति ने झारखंड में शराबबंदी की मांग किया

हजारीबाग–गिरिडीह–कोडरमा–बोकारो–रांची, 30 जनवरी–15 मार्च 2021: झारखंड प्रदेश लोक समिति ने एनबीजेके और जमनालाल बजाज फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से शराब सहित अन्य नशीली वस्तुओं के खिलाफ एक जनपैरोकारी अभियान चलाया. इसकी शुरुआत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर हजारीबाग जिला लोक समिति द्वारा आहूत एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा सह उपवास कार्यक्रम से हुई. सभा के दौरान श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक समिति) ने बताया कि गांधीजी शराब के बिल्कुल खिलाफ रहे और चाहते थे कि भारत में शराबबंदी हो. उन्होंने कहा कि यह युवा पीढ़ी को बरबाद करने के साथ प्रगति में बाधक है. इस सभा में श्री गौतम सागर राणा (पूर्व विधायक), श्री स्वरूप चंद जैन (पूर्व लोक अभि.), श्रीमती रौशनी तिर्की (मेयर, ह.न.नि.) और अनेक सामाजिक कार्यकर्तागण मौजूद थे. इसी प्रकार लोक समिति की जिला इकाइयों ने गिरिडीह (13 फर०), कोडरमा (18 फर०), बोकारो (20 फर०) और रांची (15 मार्च) में नशामुक्ति सम्मेलनों का आयोजन किया, जिन्हें संबोधित करते हुए श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि किसी भी सजग समाज–सरकार का दायित्व है कि अपने नागरिकों को नशीली सामग्रियों से बचाकर रखे और नैतिक–सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए झारखंड सरकार शराबबंदी कानून लागू करे. श्री गिरिजा सतीश ने आम लोगों से इस अभियान में सहयोग देने की अपील किया. इन कार्यक्रमों में लोक समिति इकाइयों के पदाधिकारीगण, स्वमदद समूहों/पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों समेत लगभग 1200 लोगों की भागीदारी रही.

## VOs Meeting with Magsaysay Awarded Mr. Anshu Gupta

09 February 2021, Hazaribagh: NBJK organized a meeting of chief functionaries of VOs from Jharkhand with Mr. Anshu Gupta (Founder-Goonj, New Delhi), a Magsaysay awardee. Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) welcomed him & Team Goonj with bouquet and honored them by adorning with shawls. Mr. Anshu Gupta said about the need to change some terms like charity, donor, recipient etc because self respect of the people for whom we work must be valued to bring actual change. He said that Goonj contributes to uplift quality of life by using under-utilized urban materials for development with dignity across the country in partnership of 465 VOs. He talked about possibility of work in Jharkhand upon waste management, agriculture, road, water, forest, women, children, disability etc and insisted for innovation by better use of waste materials. Mr. Anshu Gupta stated that despite amazing work on COVID relief by voluntary sector, recent amendments of FCRA are like a setback for VOs and we should raise voice collectively. Mr. Satish Girija thanked all, suggested Water Management as a core issue for VOs in Jharkhand this year and expected support from Goonj. Also Mrs. Minakshi (Co-founder, Goonj), Mr. Suresh Kumar, Mr. Shivji, Mr. Ajeet (all from Goonj) and representatives of 25 VOs from Hazaribagh, Ranchi, Bokaro, Chatra, Giridih, Lohardaga and Gumla districts of Jharkhand were present in the meeting. Mr. Rajiv Singh, Mr. Shankar Rana and Ms Niki Soren from NBJK have contributed to the event.



## मैगसेसे पुरस्कार विजेता श्री अंशु गुप्ता के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक

09 फरवरी 2021, हजारीबागः एनबीजेके संयोजन कार्यालय में गूंज–नई दिल्ली के संस्थापक और प्रतिष्ठित रेमन मैगसेसे पुरस्कार विजेता श्री अंशु गुप्ता के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की बैठक हुई. एनबीजेके सचिव श्री सतीश गिरिजा ने श्री अंशु गुप्ता व टीम को गुलदस्ते भेंट करने के साथ शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया. श्री गुप्ता ने कहा कि स्वैच्छिक क्षेत्र में दान, दाता, लाभुक जैसे शब्दों को बदलने की जरूरत है, क्योंकि जिनके लिए हम काम करते हैं उनके आत्मसम्मान का महत्व है. उन्होंने बताया कि गूंज रद्दी और अपशिष्ट सामग्रियों का पुनर्चक्रीकरण कर उपलब्ध संसाधनों से देशवासियों का जीवन स्तर उठाने का काम कर रही है, जिसमें 465 स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग है. झारखंड में कचड़ा प्रबंधन, खेती, सड़क, पानी, जंगल, महिला, बच्चे, दिव्यांग संबंधी मुद्दों पर काफी कुछ किया जा सकता है, ऐसा उनका मानना था. उन्होंने संस्था प्रतिनिधियों से नवाचार के जरिये अनुपयोगी सामग्रियों के बेहतर इस्तेमाल और लागत खर्च में कमी करने का आग्रह करते हुए कहा कि कोविड राहत में शानदार काम करने वाले स्वैच्छिक क्षेत्र को एफसीआरए कानून में संशोधनों से काफी नुकसान हुआ है और हमें एक साथ आवाज उठानी चाहिए. धन्यवाद ज्ञापन करते हुए श्री सतीश गिरिजा ने कहा कि इस वर्ष झारखंड में संस्थाओं हेतु जल प्रबंधन पर काम करना बेहतर होगा और आशा है कि गूंज का सहयोग मिलेगा. बैठक में गूंज की सह–संस्थापिका श्रीमती मीनाक्षी के साथ उनकी टीम से सर्वश्री सुरेश कुमार, शिवजी और अजीत के अलावा हजारीबाग, रांची, बोकारो, चतरा, गिरिडीह, लोहरदगा, गुमला जिलों से 25 संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल थे. कार्यक्रम आयोजन में श्री राजीव सिंह, श्री शंकर राणा और सुश्री निकी सोरेन की भागीदारी रही.

## Tailoring Training for Women

February-March 2021, Ranchi/Hazaribag: In the period of 10-16 Feb, one week residential training for 20 ST women held at NBJK-Ranchi under Usha Classical Silai School program with support of Usha International-New Delhi. There were 10 trainees from Bandgaon and 10 from Palkot blocks of West Singhbhum & Gumla districts. This was inaugurated by Mr. P. N. Sharma (Treasurer-NBJK) and Mr. Felix Tirkey (Usha International). Initially Mr. Kamaljeet Sharma (Usha International) facilitated the trainees upon sewing machine installation and skills to repair common problems. As the trainers Mrs. Sandhya Agrawal and Mrs. Pammi Devi shared their expertise with the trainees on designing, cutting & tailoring of different dresses & useful items. After the training, all the trainees got a sewing machine for each to start Usha Silai School at their places. On 17-25 Feb, 10 tribal women from Khunti & Murhu blocks of Khunti district have availed the same training. In opening ceremony Mr. Girija Satish (President, NBJK) said about need of tailoring skill for livelihood purpose and appreciated Usha International for the initiative. Likewise during 3-6 March at Hazaribag, 2 batches of 20-20 women/girls from different villages of Sadar, Daroo, Katkamdag, Katkamsandi, Barkagaon blocks have been provided 2-days residential training for each. These trainees are previous students of Usha Silai Schools in their villages and will begin Satellite Silai Schools now. Each trainee has received a training certificate, a guidebook on tailoring and a signboard to start own work. Mr. Shailesh Kumar (Program Associate, NBJK) has coordinated the events.



## महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण

फरवरी–मार्च 2021, रांची / हजारीबागः उषा इंटरनेशनल, नयी दिल्ली के सहयोग से संचालित उषा क्लासिकल सिलाई स्कूल कार्यक्रम अंतर्गत 10–16 फरवरी के दौरान एनबीजेके, रांची में 20 जनजातीय महिलाओं हेतु एक सप्ताह का आवासीय सिलाई प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन श्री प्रभुनाथ शर्मा (कोषाध्यक्ष–एनबीजेके) और श्री फेलिक्स तिर्की (उषा इंटरनेशनल) ने किया. प्रशिक्षण में प० सिंहभूम जिला के बंदगांव और गुमला जिला के पालकोट प्रखंडों से 10–10 महिलाएं शामिल थीं. प्रारंभ में श्री कमलजीत शर्मा (उषा इंटरनेशनल) ने उन्हें सिलाई मशीन बैठाने और सामान्य गड़बड़ियों की मरम्मत संबंधी जानकारी से अवगत कराया. फिर बतौर प्रशिक्षिका श्रीमती संध्या अग्रवाल और श्रीमती पम्मी देवी ने महिलाओं को विभिन्न परिधानों व उपयोगी सामग्रियों की डिजाइन, कटिंग और सिलाई संबंधी प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक महिला को अपने घर पर उषा सिलाई स्कूल खोलने हेतु एक नयी सिलाई मशीन दी गयी. 17–25 फरवरी की अवधि में खूंटी जिला के खूंटी और मुरहू प्रखंडों की 10 आदिवासी महिलाओं के लिए भी ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन हुआ था, जिसके उद्घाटन सत्र में श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष–एनबीजेके) ने आजीविका क्षेत्र में सिलाई कौशल को महत्वपूर्ण मानते हुए उषा इंटरनेशनल की पहल को सराहा. इसी प्रकार 3–6 मार्च के बीच हजारीबाग जिला के सदर, दारू, कटकमदाग, कटकमसांडी, बड़कागांव प्रखंडों के विभिन्न गांवों की 40 महिलाओं / लड़कियों को 2 बैचों में दो दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण मिला. पूर्व में उषा सिलाई स्कूलों से प्रशिक्षण प्राप्त ये महिलाएं अब अपना सेटेलाइट सिलाई स्कूल खोलेंगी. प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, सिलाई निर्देशिका और साइनबोर्ड मिले हैं. इन प्रशिक्षणों का संयोजन श्री शैलेश कुमार (कार्यक्रम अधिकारी, एनबीजेके) ने किया.

## Meeting & Capacity Building Training for Partner VOs

22-23 February 2021, Amrit Nagar (Hazaribag): Under BFW supported program of Capacitating Social Activists to Reduce Poverty & to Ensure Food Security, two days meeting-cum-training event held at NBJK co-ordination office. Mr. Girija Satish (President, NBJK) has briefed about new regulations of FCRA and discussed about sustainability of VOs in this changing scenario. Also he talked about 12A registration and linkage with various govt. schemes. Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) has focused upon funding sources for VOs and required procedure to get CSR support. Also Mr. Prakash Ranjan (Finance Manager, NBJK) interacted with VOs' representatives upon FCRA and opening of concerned bank account. Mr. Rajeev Kumar Singh (Program Manager) and Mr. Shankar Rana (APM) have arranged the affair participated by chief functionaries of 25 VOs from Jharkhand & Bihar.



## सहयोगी संस्थाओं की बैठक और क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण

22–23 फरवरी 2021, अमृतनगर (हजारीबाग): ब्रेड फॉर दि वर्ल्ड–जर्मनी के सहयोग से एनबीजेके संचालित निर्धनता उन्मूलन और खाद्य सुरक्षा हेतु सामाजिक कार्यकर्ताओं को सहयोग संबंधी परियोजना के तहत दो दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. उन्हें संबोधित करते हुए श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके) ने एफसीआरए संबंधी नये प्रावधानों पर प्रकाश डाला और बदलती परिस्थितियों में स्वैच्छिक संस्थाओं के क्रिया–कलापों पर चर्चा किया. उन्होंने 12ए निबंधन और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ाव पर भी अपने विचारों को रखा. श्री सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके) ने संस्थाओं हेतु फंडिंग स्रोतों और कंपनियों के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व अंतर्गत मिलने वाले आर्थिक सहयोग संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दिया. श्री प्रकाश रंजन (प्रबंधक–वित्त, एनबीजेके) ने संस्थाओं के प्रतिनिधिगण को एफसीआरए और संबंधित बैंक खाता खोलने के नियमों से परिचित कराया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड–बिहार की 25 स्वैच्छिक संस्थाएं शामिल थीं और इसके आयोजन में श्री राजीव कुमार सिंह (परियोजना प्रबंधक) के साथ श्री शंकर राणा (स० परि० प्र०) की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## Community Journalism Training for School Girls

08-10 March 2021, Deokuli (Ichak), Hazaribag: Under the program of Girls Education & Coaching Centers with support of AVI-UK, 3 days training upon short documentary film making was organized for 75 girl children of Birsa Public School, Deokuli. They attended theory & practical training like identification of the problems in their villages, selection of one-liners for social issues, searching relevant case studies and about possible way out from the eyes of a journalist. The girls have recognized various stories like malpractices of dowry, witch-hunt & other superstitions, bad condition of road, social discrimination, lack of high schools in the area, poor sanitation and many more. Ms Niki Soren (Program Coordinator) said that we aim to empower our school girls with a different perception for a better citizenry. As the resource persons Mr. Anand Hembrom, Mrs. Shanti Kumari and Mr. Abhay Kumar have contributed to the event. Same training have been provided to 75 girls of Saraswati Baal Uchch Vidyalay, Banha (Hazaribag) on 12-14 March, to 30 girls from 4 Govt. schools at Birhu-Simariya (Chatra district) on 15-17 March and for 30 girl students at Tetri village near Ranchi during 19-21 March.



## स्कूली बच्चियों हेतु सामुदायिक पत्रकारिता प्रशिक्षण

08–10 मार्च 2021, देवकुली (इचाक), हजारीबागः एवीआइ–यूके के सहयोग से संचालित बालिका शिक्षा व कोचिंग केंद्र संबंधी कार्यक्रम अंतर्गत बिरसा पब्लिक स्कूल की 75 छात्राओं को लघु डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. उन्होंने सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए ग्रामीण समस्याओं की पहचान, सामाजिक मुद्दों के शीर्षक चयन, प्रासंगिक केस स्टोरी की खोज और समाधान के तरीकों पर किसी पत्रकार की तरह काम करना सीखा. इन लड़कियों ने दहेज, डायन के नाम पर महिला प्रताड़ना, अन्य अंधविश्वासों, सड़कों की खराब हालत, सामाजिक भेदभाव, उच्च विद्यालयों की कमी, स्वच्छता का अभाव जैसी अनेक घटनाओं का विवरण एकत्र किया. सुश्री निकी सोरेन (परियोजना अधिकारी) ने बताया कि स्कूली बच्चियों में दायित्व बोध विकसित करते हुए उन्हें बेहतर नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य है. प्रशिक्षण के दौरान बतौर संसाधन व्यक्ति श्री आनंद हेम्ब्रोम और श्रीमती शांति कुमारी मौजूद थे और श्री अभय कुमार ने संयोजन किया. 12–14 मार्च को बनहा (हजारीबाग) गांव स्थित सरस्वती बाल उच्च विद्यालय की 75 बालिकाओं, 15–17 मार्च को बिरहू–सिमरिया (चतरा) में 4 सरकारी स्कूलों की 30 छात्राओं और 19–21 मार्च की अवधि में रांची के निकट तेतरी गांव में 30 स्कूली बच्चियों को ऐसे ही प्रशिक्षण का लाभ मिला.

## CASE STORY

### Pratima Devi Lives Self-Reliance

Mrs. Pratima Devi (48 years), wife of late Shaym Sundar Kesri, Kazi Mohalla (Hazaribag) belongs to Mahila Jagriti Mandal, a self-help group promoted by NBJK at Hazaribag town under the program of Poverty Reduction through SHGs. Her group code is 129 M and she is treasurer of the group. In the year 2011, Pratima Devi joined this SHG and supported with micro credit of Rs. 4,000 initially. Before that she was running a tea stall with samosa and aspired to expand her work.

Pratima Jee has started a restaurant as Kesri Bhojanalay in outer portion of her house. Due to cleanliness, reasonable rate and home like taste of traditional veg/non-veg meals she prepares, many people come to the Bhojnalay for lunch or snacks. Also she provides lunchbox service to the bank staffs whose offices are situated nearby. After association with the SHG, she contributed to marriages of her 3 daughters and experienced a major jolt suddenly with sad demise of her husband about 5 years back. ***NBJK enabled me to sustain financially against adverse situation and kept me busy to live for my family,*** Pratima Devi says. Currently she lives with her son, daughter-in-law and grand-children. Also she supports her daughters and leads the family. Mr. Shivnath Rana (Credit Officer, NBJK) appreciates Mrs. Pratima Devi as an intelligent lady, though she had schooling till class 7th only. The very last amount she availed is Rs. 52000 and her monthly income may be Rs. 15000 plus minimum, he speculates.



## केस स्टोरी

### प्रतिमा देवी की आत्मनिर्भरता

श्रीमती प्रतिमा देवी (48 वर्ष), पत्नी–स्व० श्याम सुंदर केसरी, काजी मोहल्ला (हजारीबाग), एनबीजेके संचालित स्वमदद समूहों द्वारा निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हजारीबाग शहर में प्रोत्साहित स्वमदद समूह महिला जागृति मंडल से जुड़ी हुई हैं. इनके समूह का कोड 129 एम है और ये अपने समूह की कोषाध्यक्ष हैं. वर्ष 2011 में प्रतिमा देवी इस समूह की सदस्या बनी थीं और प्रारंभ में इन्हें 4000 रु० का लघु ऋण मिला था. इसके पहले यह एक टी स्टाल चलाती थीं, जिसमें समोसे भी मिलते थे और अपने काम को बढ़ाने की इनकी इच्छा थी.

प्रतिमा जी ने अपने घर के बाहरी हिस्से में केसरी भोजनालय के नाम से एक रेस्तराँ खोला. साफ–सफाई, उचित मूल्य और उनके द्वारा बनाये जाने वाले घरेलू स्वाद युक्त परंपरागत शाकाहारी–मांसाहारी व्यंजनों की वजह से इस रेस्तराँ में भोजन–नाश्ता करने हेतु काफी लोग आने लगे. इसके अलावा उन्होंने नजदीकी बैंक शाखाओं के कर्मचारियों के लिए लंचबॉक्स सेवा भी शुरू किया.

स्वमदद समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपनी तीन बेटियों के विवाह में योगदान दिया और लगभग 5 वर्ष पूर्व अपने पति के अकस्मात देहांत जैसे दुखद आघात का भी सामना किया. ***एनबीजेके ने विपरीत परिस्थितियों में मुझे आर्थिक सहारा दिया और व्यस्त रखा कि मैं अपने परिवार के लिए जीवित रह सकूं,*** प्रतिमा देवी कहती हैं. वर्तमान में वह अपने बेटा, बहू, पोता–पोती–नतनी आदि के साथ रहती हैं, शादीशुदा बेटियों की भी मदद करती हैं और अपने परिवार की मुखिया हैं. सिर्फ सातवीं कक्षा तक स्कूली शिक्षा प्राप्त श्रीमती प्रतिमा देवी को श्री शिवनाथ राणा (क्रेडिट अधिकारी, एनबीजेके) एक बुद्धिमान महिला मानते हैं. वह बतलाते हैं कि इनकी विगत ऋण राशि 52 हजार रु० की है और अनुमानित न्यूनतम मासिक आय 15 हजार रु० से अधिक है.

परिकल्पना : **श्री गिरिजा सतीश**
प्रस्तुति : **विनय भट्ट**
**नव भारत जागृति केन्द्र,** संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित
दूरभाषः +91 9431140385, +91 9835751159
ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinay.bhatta@nbjk.org